हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 3 नवंबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर


तापमान

अधिकतम 28 डिग्री

न्यूनतम 18 डिग्री


4 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन एवं तुलसी विवाह




## खबर संक्षेप

### पीएम ने राज्य को अग्रणी प्रदेश बनायाः देवेन्द्र



**बैकुण्ठपुर।** कोरिया भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी राजधानी रायपुर में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए, यहां उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने भी उनका अभिवादन स्वीकार किया। ज्ञात हो कि 1 नवंबर को छग राज्य स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने एक दिवसीय प्रवास पर रायपुर पहुंचे। अपने व्यस्ततम कार्यक्रम में वे नवीन विधानसभा भवन का लोकार्पण, राज्योत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ समेत अन्य कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इसी कड़ी में कोरिया भाजपा के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने भी पीएम श्री मोदी का स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के बाद श्री तिवारी ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि प्रधानमंत्री का अभिनंदन, आप अपने लक्ष्यों के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं और विपरीत परिस्थितियों में भी हार नहीं मानते।

### रोजगार सहायक पर गबन के आरोप

**मनेन्द्रगढ़।** विकासखंड भरतपुर के ग्राम जुईली में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण कार्यों में भारी अनियमितताओं का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने रोजगार सहायक पर शासकीय राशि के गबन का गंभीर आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि कई पात्र हितग्राहियों के नाम पर राशि तो जारी की गई, परंतु जमीन पर मकान अब तक अधूरे या गायब हैं। ग्राम के कई गरीब परिवार, जिनमें राष्टपति के दत्तक पुत्र के रूप में सम्मानित व्यक्ति भी शामिल हैं, अब तक अपने सपनों का घर नहीं पा सके हैं। सरकारी कागजों में उनके नाम से मकान पूर्ण दिखाए गए हैं, जबकि वास्तविकता में निर्माण कार्य अधूरा है या आरंभ ही नहीं हुआ।

### मुख्यालय सहित क्षेत्र में दिनभर मौसम रहा साफ

**सोनहत।** मुख्यालय सहित खंड स्तर पर 2 नवंबर को सुबह से मौसम दिनभर साफ रहा। दिनभर खिली धूप होने से खासकर किसान वर्ग अपने खेत खलिहान की हल्की तैयारी करने व्यस्त नजर आए। खासकर मुख्यालय किसानों ने बताया कि मौसम के एक-दो दिन खिली धूप होते ही किसानी कार्य को गति मिलना तय है, साथ ही किसान खेत की फसलों को समेटने के लिए अपने स्तर से व्यापक तैयारी करने लगे हैं। धूप दिनभर होने के साथ-साथ आने वाले दिनों में कड़ाके की ठंड होने से खासकर ग्रामीण अंचल में जंगल आदि से सूखे लकड़ी को संग्रहण करने लग गए हैं।

### नुकसानी आंकलन की राशि नहीं मिली



**सोनहत।** ब्लाक स्तर पर विगत मई माह मुख्यालय सहित आसपास ग्रामों के हितग्राहियों को बारिश से हुए व्यापक नुकसानी की राशि आंकलन के बाद भी नहीं मिल सका है। पंच संघ के अध्यक्ष प्रेमसागर तिवारी ने बताया कि विगत मई माह आए बारिश, तूफान से मुख्यालय के व्यापारियों को नाली जाम होने से दुकानों के रखे सामनों को भारी नुकसान होने के साथ विभिन्न ग्राम केशगवां, रजौली, के अलावा अन्य ग्रामों केगरीब किसान, रहवासियों के घरों के छप्पर आदि उड़ने से व्यापक नुकसान हो गया था, जिसका स्थानीय तंत्र द्वारा घर जा-जाकर के आंकलन एवं राहत राशि प्रदान कराने प्रकरण तैयार किया गया था। हालत है कि लगभग 6 माह बीतने के बाद भी किसी भी पीड़ित को राहत राशि नहीं मिल सका है। पंच संघ अध्यक्ष श्री तिवारी ने प्रशासन से पीड़ितों को राहत राशि प्रदान करने मांग किया है।

## कोरिया के रामानुज मिनी स्टेडियम में 3 दिवसीय राज्योत्सव का शुभारंभ, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, विभागों के स्टॉल भी लगे

# राज्योत्सव में संस्कृति, परंपरा और सरकार की मंशा झलकती हैः राजवाड़े



मंच पर अतिथि।



सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार।



कार्यक्रम के संबंध में निर्देश देती जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यशवंती सिंह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के रामानुज मिनी स्टेडियम में रविवार देर शाम तीन दिवसीय राज्योत्सव का रंगारंग शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। विधायक श्री राजवाड़े ने शुभारंभ अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन किया और अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन एवं जनहितकारी गतिविधियों की जानकारी ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्योत्सव हमारी संस्कृति, परंपरा, सरकार की मंशा और जनता की उपलब्धियों का गर्वोत्सव है, जिसका उद्देश्य प्रदेश की विविधताओं को एक मंच पर प्रस्तुत करना है।

उन्होंने जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन आमजन को शासन की योजनाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विधायक भईयालाल राजवाड़े ने छग राज्य निर्माण की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिले के विकास में सबकी सहभागिता आवश्यक है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि 1 नवंबर 2000 को हमारे छग राज्य का गठन हुआ था और इस वर्ष हम सभी अपने राज्य की निर्माण यात्रा के रजत वर्ष का उत्सव मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोरिया जिले में राज्योत्सव 2 से 4 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिले की विरासत, उपलब्धि और पहचान को जन-जन तक पहुंचाने पर





विभिन्न विभागों के स्टॉल

विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि बीते 25 वर्षों में जिले के विकास में आम जनता की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं का विस्तार हुआ है। सड़क, बिजली, पानी एवं राशन की आपूर्ति सुदृढ़ हुई है तथा रोजगार व स्वरोजगार के अवसरों में भी वृद्धि हुई है। ग्रामीणों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। ⏭ शेष पेज 4 पर

### प्रदर्शनी में दिखी कोरिया जिले की विकास गाथा

तीन दिवसीय राज्योत्सव की प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जिनमें आधुनिक मॉडल, जीवंत पोस्टर, योजनाओं की जानकारी और नवा चारों की प्रस्तुति ने जनता को खूब आकर्षित किया। लोगों की भीड़ पूरे दिन स्टॉलों पर उमड़ी। स्टॉल में छत्तीसगढ़ की गौरव गाथा और राज्य की उपलब्धियों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कृषक कल्याण, महिला सशक्तिकरण, जनजातीय उत्थान, सामाजिक सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और ऊर्जा विकास पर विशेष फोकस रहा। शासन की योजनाओं और पुस्तिकाओं के वितरण से विकास की जानकारी सीधे आमजन तक पहुंचाई गई है।

### स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगी

कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। राज्योत्सव के आगामी दो दिनों में भी विभागीय प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी लगेगी। जिले के विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विकास एवं उपलब्धियों के स्टॉल, लोक-संस्कृति की मनमोहक प्रस्तुति और पारंपरिक व्यंजनों की सुगंध ने राज्योस्थल को उत्सवमय बना दिया है।

## एमसीबी में राज्योत्सव का महापौर ने किया शुभारंभ

मनेन्द्रगढ़। एमसीबी जिले में रजत महोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ रविवार को गरिमामय वातावरण में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर एमसीबी राहुल और पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यशवंती सिंह, चिरमिरी महापौर राम नरेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी, सामाजिक संगठन और काफी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिले की 25 वर्षों की विकास यात्रा और उपलब्धियों को आकर्षक रूप में प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में प्रशासनिक कार्यों, जनकल्याण योजनाओं और जनभागीदारी के माध्यम से जिले के विकास को रेखांकित किया गया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य, गीत और लोककला के माध्यम से छत्तीसगढ़ी संस्कृति की अद्भुत झलक पेश की, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कलेक्टर ने अपने उद्बोधन में कहा कि रजत महोत्सव जिले के गौरवशाली इतिहास, जनसहभागिता और एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में पूरे जिले में विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर इस उत्सव को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा, ताकि प्रत्येक नागरिक जिले की प्रगति और गौरव में अपनी भागीदारी महसूस कर सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह ने भी जिले के शांतिपूर्ण वातावरण और नागरिक सहयोग की सराहना की। रजत महोत्सव का यह प्रारंभिक आयोजन मनेन्द्रगढ़ के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंद्रा मिश्रा, एसडीएम लिंगराज सिदार, नपा उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, लखन श्रीवास्तव, अनिल केशरवानी, आशीष सिंह, रामचरित द्विवेदी, सुरेश श्रीवास्तव, रामधुन जायसवाल समेत गणमान्य जन मौजूद रहे।





हिरासत में लिए गए लोग।

## शिव मंदिर निर्माण के नाम पर चंदा वसूली

■ एक समुदाय विशेष के दो हिरासत में

**बैकुण्ठपुर।** जिले के सोनहत पुलिस ने शिव मंदिर निर्माण के नाम पर चंदा वसूली करने वालों के विरूद्ध शिकायत मिलने पर दो लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार सोनहत थाना क्षेत्र के ग्राम कैलाशपुर के पूर्व सरपंच समय लाल सिंह एवं उप सरपंच मोहर साय ने सोनहत थाने में शिकायत दर्ज कराया कि शिव मंदिर निर्माण के नाम पर दो मुश्लिम लोगों के द्वारा चंदा एकत्र किया जा रहा हैं, उनके द्वारा सार्वजनिक शिव मंदिर निर्माण पंचायत भवन ग्राउंड गोपीपुर जिला सूरजपुर के नाम से रशीद दी जा रही थी। शिकायतकर्ताओं ने अपने शिकायत में उल्लेख किया कि अन्य धर्म के लोग सनातन धर्म के नाम पर आस्था के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, जिससे सनातन धर्म आहत हुआ है। इस मामले में कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी गई। शिकायत मिलने पर सोनहत पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दो मुश्लिम लोगों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की जा रही है साथ ही एक बाइक भी जब्त की। पूछताछ पश्चात आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### गरीबों के राशन पर चोरों का डाका, जुर्म दर्ज

**अम्बिकापुर।** लोगों के घरों व दुकान में चोरी की घटनाएं आम बात है अब चोरों ने गरीबों के राशन पर भी डाका डालना शुरू कर दिया है। चोरों ने ग्राम खालपोड़ी स्थित उचित मूल्य राशन दुकान में न सिर्फ धावा बोला बल्कि राशन दुकाने से 49 हजार कीमत के चावल, शक्कर पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम खालपोड़ी निवासी अर्जुन राम नगेशिया आ. अदल साय गांव में उचित मूल्य राशन दुकान का संचालन करता है। 30 अक्टूबर को घर में था तभी गांव के ही राम लाखन सिंह ने फोन कर बताया कि उचित मूल्य राशन दुकान का ताला टूटा हुआ है। जानकारी लगते ही संचालक गांव के सरपंच सुरेश पावले व मनेश्वर सारथी के साथ दुकान आया तो देखा चावल व शक्कर की कई बोरी गायब है। सोसायटी संचालक ने जब चावल व शक्कर के बोरियों का मिलान किया तो पता चला कि हितग्राहियों को वितरण करने हेतु 245 बोरी चावल में से 46 बोरी चावल गायब थे जबकि शक्कर के सभी 6 बोरी गायब थे। संचालक के मुताबिक चोरों ने सोसायटी से 49 हजार की मत के राशन चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305, 331(4) के तहत अपराध दर्ज किया है।

# प्रकाश पर्व पर शहर में निकली प्रभातफेरी

## गुरुनानक देवजी प्रकाश पर्व पर होंगे विविध कार्यक्रम



प्रकाश पर्व को लेकर शहर में निकली प्रभातफेरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 22 में मंजीत सिंह के निवास पर श्री गुरूनानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सिख समाज द्वारा आयोजित साप्ताहिक प्रभात फेरी का आगमन हुआ। प्रभात फेरी में शामिल श्रद्धालु गुरूवाणी के मधुर भजनों का गायन करते हुए नगर भ्रमण करते पहुंचे।

वार्डवासियों ने पुष्पवर्षा कर प्रभात फेरी का स्वागत किया और पूरे क्षेत्र में धार्मिक व आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त हो गया। श्री जीत सिंह के निवास स्थान पर श्रद्धालुओं का स्वागत आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ किया गया। इसके पश्चात कीर्तन एवं अरदास का आयोजन हुआ। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कीर्तन के दौरान गुरूनानक देव के उपदेशों सत्य, करूणा, सेवा और समानता पर विस्तार से चर्चा की गई। श्रद्धालुओं ने गुरूजी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद स्वप्निल सिन्हा ने कहा कि गुरू नानक देव जी ने समाज को सच्चाई, एकता और भाईचारे का संदेश दिया। उनके उपदेश आज भी मानवता को सही दिशा प्रदान करते हैं। हमें उनके आदर्शों को जीवन में अपनाकर समाज में प्रेम, शांति और सद्भावना का वातावरण बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आपसी एकता को बढ़ाते हैं। जिले में प्रकाश पर्व की तैयारियां भी पूरे जोरों पर चल रही हैं। गुरूद्वारों को दीपों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जा रहा है। आगामी दिवसों में भजन-कीर्तन, नगर कीर्तन और लंगर सेवा के आयोजन की भी रूपरेखा तैयार की गई है। श्रद्धालु अपने-अपने घरों को सजा रहे हैं और इस पावन पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने की तैयारी कर रहे हैं। कार्यक्रम में बीडी गर्ग, अमरजीत सिंह, संजय सिन्हा, धनंजय सिन्हा, राजेश सिन्हा सहित काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। प्रभात फेरी के दौरान वातावरण वाहे गुरू जी का खालसा, वाहे गुरूजी की फतेह के जयघोष से गूंज उठा। पूरे नगर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## चैनपुर क्षेत्र में हुआ हादसा, दमकल की मदद से पाया गया काबू

# प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी भीषण आग, सामान जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ के चैनपुर क्षेत्र में शनिवार की देर रात एक प्लास्टिक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। यह हादसा 1 नवंबर की रात करीब 12:30 बजे हुआ। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और फैक्ट्री में रखा प्लास्टिक का पूरा सामान जलकर राख हो गया।



आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के इलाके में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही एसडीओपी एलेक्सियूस टोप्पो, थाना प्रभारी सुनील तिवारी, सिटी कोतवाली पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। एसईसीएल की दमकल टीम समेत दो अन्य दमकलों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक फैक्ट्री में रखा लाखों का सामान और भीतर खड़ी एक गाड़ी पूरी तरह जल चुकी थी। बताया जा रहा है कि यह प्लास्टिक फैक्ट्री स्थानीय व्यापारी रफीक मेमन के रिश्तेदार की है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों का मानना है कि पटाखे की चिंगारी से आग भड़क सकती है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि आग कैसे लगी और यदि किसी की लापरवाही सामने आई तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

घटना के बाद से पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा। रात में लगी इस भीषण आग से लोग दहशत में आ गए। हालांकि समय रहते दमकलकर्मियों की तत्परता से बड़ी दुर्घटना टल गई। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई, लेकिन फैक्ट्री मालिक को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

# नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम : 1,148 नेत्र रोगी चिन्हांकित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गंवा

■ मोतियाबिंद के 634 मरीज मिले

शासन की महत्वाकांक्षी योजना सघन नेत्र जांच एवं सुरक्षा अभियान के अंतर्गत विकासखंड खड़गवां में 24 से 31 अक्टूबर तक संपूर्ण नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे, सिविल सर्जन डॉ. राजेन्द्र रॉय और अस्पताल अधीक्षक डॉ. स्वप्निल के मार्गदर्शन में संचालित हुआ। अभियान का नेतृत्व खंड चिकित्साधिकारी डॉ. मनीष प्रताप एवं विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक राजकुमार द्वारा किया गया। जिले की अंधत्व निवारण नोडल अधिकारी डॉ. उमा खापर्डे, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. भाषिता साहू और डॉ. मनोज सिंह के निर्देशन में पूरे विकासखंड में सघन सर्वे व उपचार कार्य किया गया। सहायक नोडल अधिकारी रामकरन साहू ने बताया कि अभियान में खड़गवां एवं चिरमिरी शहरी क्षेत्र समेत कुल 1,15370 जनसंख्या का सर्वे किया गया। इनमें 305 मरीज दोनों आंखों में मोतियाबिंद से ग्रसित, 329 मरीज एक आंख में मोतियाबिंद से पीड़ति, 2 मरीज पूर्णतः दृष्टिहीन, 8 मरीज कॉर्नियल ओपेसिटी, 12 मरीज कंजक्टिवल रोग, 4 मरीज कॉर्नियल डिजीज, 35 मरीज कंजक्टिवाइटिस, 12 मरीज कॉर्नियल बीमारी, 140 मरीज दृष्टिदोष, 155 मरीज प्रेसबायोपिया अन्य नेत्र रोग 146 मरीज रहे। अभियान के दौरान कुल 1,148 नेत्र रोगी चिन्हांकित किए गए। ⏭ शेष पेज 4 पर



